इक बार भजन करले

इक बार भजन करले मुक्ति का यतन करले
कट जायेगी चोरासी तू राम भजन करले,
इक बार भजन करले

ये चोला मानुष तन का हर बार नही मिलता,
जो गिर गया डाली से वो फूल नही खिलता ,
है वक्त के ओ बंदे तू राम भजन करले,
कट जायेगी चोरासी तू राम भजन करले,
इक बार भजन करले

कानो से अरे नर तू सुन ले अमृत वाणी
इस मन को मार कर के बना तू पूरा ग्यानी ,
अब गुरु शरण में तू जीवन को सफल करले
कट जायेगी चोरासी तू राम भजन करले,
इक बार भजन करले

यु व्यर्थ गवाना न जीवन की ये घड़ियाँ
अनमोल रत्न है ये मेरे सांसो की ये लड़ियाँ
जीवा न चले मुख से तू नाम जपन करले
कट जायेगी चोरासी तू राम भजन करले,
इक बार भजन करले

दीवानों की टोली में तू नाम लिखा अपना
फिर साफ़ नजर आये जीवन है एक सपना
इस झूठी दुनिया से बचने का यत्न करले,
कट जायेगी चोरासी तू राम भजन करले,
इक बार भजन करले

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16678/title/ik-baar-bhajan-karle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |